**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)**

पत्रांक : वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0प्र0प0 2023 / 87 / 2022–23 दिनांक 27 जनवरी 2023

## :: विज्ञप्ति ::

**राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) 2023**

रा0सु0रा0आ0 आवासीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) में सत्र 2023–24 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश के लिए राज्य के **राजकीय एवं मान्यताप्राप्त विद्यालयों में कक्षा 5 में अध्ययनरत उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति (SC) के छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** आवेदन पत्र का प्रारूप प्रदेश के समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र, परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** आईकॉन पर उपलब्ध हैं, जिसे डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदक की **आयु 01 जुलाई 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए,** अर्थात आवेदक का जन्म 01 जुलाई 2011 से 30 जून 2013 के मध्य होना चाहिए। छात्र/छात्रा द्वारा पूर्ण रूप से पूरित आवेदन पत्र दिनांक **10 मार्च 2023** सायं 5:00 बजे तक ***"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर (नैनीताल) पिन – 244715"*** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जाने चाहिए। प्रवेश परीक्षा **माह मई 2023, द्वितीय सप्ताह में** सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

---

पत्रांक : वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0प्र0प0 2023 / 88-94 / 2022–23, दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि : निम्नांकित की सेवामें सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक माध्यमिक शिक्षा/सभापति उ0वि0शि0प0, ननूरखेड़ा, देहरादून।
2. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून।
3. निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी, नैनीताल।
4. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड को परीक्षा विज्ञप्ति, आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत निर्देश इस आशय से कि आप अपने जनपद में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक अर्ह छात्र–छात्राओं को परीक्षा में प्रतिभाग करवाने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड/उप शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड को परीक्षा विज्ञप्ति, आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत निर्देश इस आशय से कि आप अपने विकासखण्ड में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक अर्ह छात्र–छात्राओं को परीक्षा में प्रतिभाग करवाने का कष्ट करें।
6. प्राचार्य, रा0सु0रा0आ0आ0वि0 मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार)।
7. सम्पादक दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उस पृष्ठ पर 10X8 वर्ग सेमी0 मे न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित करें जिसका प्रचार प्रसार पूरे राज्य में हो। विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात समाचार पत्र की प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद भुगतान हेतु इस कार्यालय मे प्रस्तुत करेंगें ।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

# कार्यालय– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : वि.प.–रा.सु.रा.आ.आ.वि. / प्र0प0 2023 / 86 / 2022–23, दिनांक 27 जनवरी 2023।

## :: विज्ञप्ति ::

पत्र संख्या : 4378 / स0का0 / रा0आ0प0वि0 / 2019–20, दिनांक 16 जनवरी 2023 के क्रम में राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) जनपद हरिद्वार के सत्र 2023–24 हेतु कक्षा 06 में प्रवेश हेतु **उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** उक्त विद्यालय में कक्षा 06 से कक्षा 12 तक अनिवार्य आवासीय व्यवस्था के साथ–साथ निःशुल्क उच्च स्तरीय स्कूली सहशिक्षा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के 15 छात्र एवं 15 छात्राओं को प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित किया जाना है।

- **प्रवेश हेतु पात्रता :–**
  1. राज्य के सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालयों से **वर्ष 2022–23 में कक्षा 05 में अध्ययनरत राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र / छात्राएं ही इस प्रवेश परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होंगे।**
  2. आवेदन पत्र में अभ्यर्थी शैक्षिक विवरण का सत्यापन एवं फोटो का सत्यापन अपने उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका से करायेंगे जहॉं से वे वर्ष 2022–23 में कक्षा 5 में अध्ययनरत है। **प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।**
  3. अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए, अर्थात आवेदक का जन्म 01 जुलाई 2011 से 30 जून 2013 के मध्य होना चाहिए इसमें दोनों तिथियां भी सम्मिलित हैं। **अभ्यर्थी के अध्ययनरत विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।**
  4. **अभ्यर्थी को उसके आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं को सही मानते हुये परिषद् द्वारा चयन परीक्षा में सम्मलित किया जायेगा, किन्तु चयन परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर अभ्यर्थी प्रवेश हेतु तभी पात्र होगा जब वह विद्याालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के समय अपना वर्ष 2022–23 में कक्षा 5 उत्तीर्ण होने के प्रमाणपत्र सहित अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र (यथा जाति, निवास, जन्म प्रमाणपत्र) काउंसिलिंग के समय के रा0सु0रा0आ0आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष प्रस्तुत करेगा। कोई भी तथ्य / सूचना या प्रमाणपत्र असत्य / गलत पाये जाने या प्रस्तुत न करने पर चयन स्वतः ही निरस्त माना जायेगा और इस संबंध में अभ्यर्थी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।**

- **आवेदन पत्र :** आवेदन–पत्र मुख्य शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी / उप शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** में **DEPARTMENTAL EXAM** आईकॉन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

- **परीक्षा केन्द्र :** परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वरीयता क्रम में चार परीक्षा शहरों / स्थानों के नाम अंकित करने होंगे। यथा संभव प्रथम वरीयता वाले परीक्षा शहर / स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा, किन्तु प्रथम परीक्षा शहर / स्थान हेतु परीक्षार्थियों की संख्या 20 से कम होने पर दूसरे या तीसरे परीक्षा शहर / स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है। जनपद हेतु प्रस्तावित परीक्षा शहरों में निर्धारित संख्या से कम आवेदक होने पर जनपद मुख्यालय अथवा जनपद में निर्धारित संख्या से कम परीक्षार्थी होने पर निकटतम जनपद में बने परीक्षा शहर को भी परीक्षा केन्द्र के रूप में आवंटित किया जा सकता है। परीक्षा निम्नलिखित स्थानों पर आयोजित की जानी प्रस्तावित है–

हरिद्वार, लक्सर, रुड़की, भगवानपुर, देहरादून, डाकपत्थर, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, पुरोला, नई टिहरी, घनशाली, पौड़ी, श्रीनगर, स्यूंसी, लैंसडाउन, कोटद्वार, नौगांवखाल, थराली, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, पिथौरागढ, बेरीनाग, धारचूला, डीडीहाट, चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर, अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैंण, बागेश्वर, गरूड़, भीमताल, हल्द्वानी, रामनगर, रुद्रपुर, खटीमा, एवं काशीपुर।

- **परीक्षा तिथि** : प्रवेश परीक्षा माह मई 2023 द्वितीय सप्ताह में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **प्रवेश–पत्र माह अप्रैल 2023 अंतिम सप्ताह तक डाक द्वारा अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस हेतु अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र के साथ एक स्वपता लिखा लिफाफा भी संलग्न करें इसमें अपना पता** (पिन कोड सहित) **सही प्रकार से अंकित करें**। यदि किसी अर्ह अभ्यर्थी को किसी कारण प्रवेशपत्र प्राप्त नहीं होता है तो वह परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने को आवंटित परीक्षा केन्द्र (परिषद् की वेबसाइट में परीक्षार्थी का अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र आदि का पूर्व विवरण अंकित होगा उसका अवलोकन कर) में जाकर भी प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा में सम्मलित हो सकता है। इस हेतु उसे अपना एक फोटो एवं पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा।

- **आवेदन की अंतिम तिथि : दिनांक 10 मार्च 2023 तक सायं 5:00 बजे** तक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र ***"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर (नैनीताल) पिन – 244715"*** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जाने चाहिए। लिफाफे के बाहर **"राजकीय सु0रा0आ0आ0 विद्यालय मक्खनपुर (भगवानपुर) प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा जाय। **अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त एवं अपूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।** प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नं0 05947–254275 पर सम्पर्क कर सकते है।

- **परीक्षा योजना** :– प्रवेश परीक्षा की अवधि 2 घण्टे होगी, प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड निम्नवत् होंगे :–

| **खण्ड** | **विषय वस्तु/खण्ड** | **प्रश्न/अंकों का विवरण** |
|---|---|---|
| **(क)** | मानसिक योग्यता परीक्षा | 40 |
| **(ख)** | गणित परीक्षा | 30 |
| **(ग)** | भाषा (हिन्दी) परीक्षा | 30 |
| **कुल प्रश्न/अंक** | | **100** |

प्रश्न–पत्र में **में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न** (मानसिक योग्यता के 40 प्रश्न, गणित के 30 प्रश्न एवं हिन्दी के 30 प्रश्न) **होंगे**। खण्ड : (ग) भाषा (हिन्दी) को छोड कर अन्य भाग (मानसिक योग्यता एवं गणित) के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे।

**प्रश्नों का उत्तर देने लिए ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का प्रयोग किया जायेगा।** परीक्षार्थी इसका अभ्यास कर लें। प्रश्न के सामने दिये गये चार विकल्पों **(A, B, C, D)** में से सही विकल्प के गोले को काला करना है। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काली/नीली बॉल प्वाइन्ट पैन का ही प्रयोग करें। प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक देय होगा। एक से अधिक विकल्प पर गोला करने अथवा प्रश्न का उत्तर अंकित न करने पर कोई अंक देय नहीं होगा। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा। परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, किसी भी अन्य प्रकार की इलेक्ट्रानिक उपकरणों, मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री को लाना/प्रयोग करना वर्जित होगा।

- **कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत अथवा अन्य किसी कारण से परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से संबंधित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## रा0सु0रा0आ0आवसीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) 2023
## आवेदन–पत्र भरने एवं परीक्षा के सम्बन्ध में निर्देश

### क. सामान्य निर्देश :

1. आवेदन–पत्र में सभी सूचनाएं साफ–साफ भरें। कटिंग या ओवर राइटिंग न करें। **आवेदन–पत्र परिषद् कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2023 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे है।**
2. इस परीक्षा में उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राएं ही प्रतिभाग करेंगे। **आवेदन–पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में निवासरत अनुसूचित जाति का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।**
3. अभ्यर्थी उत्तराखण्ड राज्य के किसी राजकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में **कक्षा 5 में अध्ययनरत हो।**
4. **अभ्यर्थी कक्षा 3, 4 एवं 5 में सतत रूप से अध्ययनरत हो,** अर्थात कक्षा 3, कक्षा 4 में अनुत्तीर्ण न हुआ हो।
5. **अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए, अर्थात आवेदक का जन्म 01 जुलाई 2011 से 30 जून 2013 के मध्य होना चाहिए।** दोनों तिथियां भी सम्मिलित हैं। अभ्यर्थी के अध्ययनरत विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि मान्य होगी।
6. आवेदन–पत्र में यथा स्थान पर **अभ्यर्थी एवं पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।**
7. **वर्तमान में जिस विद्यालय में छात्र/छात्रा कक्षा 5 में अध्ययनरत है उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक से निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर (मुहर सहित) के** उपरान्त ही आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय को भेजा जाय। **प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।**
8. आवेदन–पत्र **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर (नैनीताल) पिन – 244715 के पते पर प्रेषित किया जाय।** लिफाफे के बाहर **रा0सु0रा0आ0आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा होना चाहिए।
9. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु **प्रवेश–पत्र डाक द्वारा अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस हेतु अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र के साथ एक स्वपता लिखा लिफाफा भी संलग्न करें इसमें अपना** पता (पिन कोड सहित) सही प्रकार से अंकित करें।
10. परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी परिषद् की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।
11. **परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वरीयता क्रम में चार परीक्षा शहरों/स्थानों के नाम अंकित करने होंगे।** यथा संभव प्रथम वरीयता वाले परीक्षा शहर/स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा। किन्तु **प्रथम परीक्षा शहर/स्थान हेतु परीक्षार्थियों की संख्या 20 से कम होने पर दूसरे या तीसरे परीक्षा शहर/स्थान में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है। जनपद हेतु प्रस्तावित परीक्षा शहरों में निर्धारित संख्या से कम होने पर जनपद मुख्यालय अथवा जनपद में निर्धारित संख्या से कम परीक्षार्थी होने पर निकटतम जनपद में बने परीक्षा शहर को भी परीक्षा केन्द्र के रूप में आवंटित किया जा सकता है। परीक्षा निम्न स्थानों पर आयोजित की जानी प्रस्तावित है–**

> हरिद्वार, लक्सर, रुड़की, भगवानपुर, देहरादून, डाकपत्थर, ऋषिकेश, उत्तरकाशी, पुरोला, नई टिहरी, घनशाली, पौड़ी, श्रीनगर, स्यूंसी, लैंसडाउन, कोटद्वार, नौगांवखाल, थराली, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, पिथौरागढ, बेरीनाग, धारचूला, डीडीहाट, चम्पावत, लोहाघाट, टनकपुर, अल्मोड़ा, रानीखेत, भिकियासैंण, बागेश्वर, गरूड़, भीमताल, हल्द्वानी, रामनगर, रुद्रपुर, खटीमा, एवं काशीपुर।

### ख. परीक्षा के स्वरूप के संबंध में निर्देश :

1. **प्रवेश परीक्षा माह मई 2023 द्वितीय सप्ताह में सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है किन्तु कोविड 19 महामारी के दृष्टिगत परीक्षा की प्रस्तावित तिथि सहित परीक्षा से संबंधित उक्त अन्य कार्यक्रमों मे परिवर्तन किया जा सकता है। परीक्षा तिथि के सम्बन्ध में यथा समय समाचार पत्रों एव परिषद् की वेबसाइट पर सूचना दी जायेगी।**
2. **प्रश्न पुस्तिका में कुल 100 बहुविकल्पीयप्रश्न** (मानसिक योग्यता के 40 प्रश्न, गणित के 30 प्रश्न एवं हिन्दी के 30 प्रश्न) **होंगे।** मानसिक योग्यता एवं गणित के प्रश्न हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे। प्रश्नों का स्तर प्राथमिक स्तर (कक्षा 5 तक के स्तर) के समान होगा।
3. **प्रश्नों का उत्तर देने लिए ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक का प्रयोग किया जायेगा।** परीक्षार्थी इसका अभ्यास कर लें। प्रश्न के सामने दिये गये चार विकल्पों **(A, B, C, D)** में से सही विकल्प के गोले को काला करना है। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में उत्तर अंकित करने के लिए केवल काली/नीली बॉल प्वाइन्ट पैन का ही प्रयोग करें। प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक देय होगा।एक से अधिक विकल्प पर गोला करने अथवा प्रश्न का उत्तर अंकित न करने पर कोई अंक देय नहीं होगा। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जायेगा।
4. परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल, किसी भी अन्य प्रकार की इलेक्ट्रानिक उपकरणों, मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री को लाना/प्रयोग करना वर्जित है।
5. **परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक को कक्ष निरीक्षक के पास जमा कर दें।**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवसीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार)
## प्रवेश परीक्षा 2023 (कक्षा 6) हेतु आवेदन पत्र
*(केवल उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति के छात्र/छात्राओं के लिए)*

1. अनुक्रमांक **(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)** – | | | | |

2. परीक्षार्थी का नाम –(क) हिन्दी में ..............................................................................

(ख) अंग्रेजी में *(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)*

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

*(परीक्षार्थी के नाम में दो या दो से अधिक शब्द होने पर दो शब्दों के मध्य एक खाना रिक्त होना चाहिए)*

(प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो)

3. पिता का नाम – श्री ..............................................................................

4. माता का नाम – श्रीमती ..............................................................................

5. जन्मतिथि – (क) अंकों में D D | M M | Y Y Y Y

(ख) शब्दों में ..............................................................................

***(अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए, अर्थात आवेदक का जन्म 01 जुलाई 2011 से 30 जून 2013 के मध्य होना चाहिए। दोनों तिथियां भी सम्मिलित है।)***

6. लिंग – **बालक** ☐ **बालिका** ☐

7. गृह जनपद का नाम –..........................................

8. पत्र व्यवहार का पता – ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

9. स्थायी पता – ..............................................................................
..............................................................................
..............................................................................

दूरभाष नं0/मोबाइल न0 कोड सहित – ..............................................................................

10. शैक्षिक विवरण (वर्तमान शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा 05 में अध्ययनरत हो)–

| क्रमांक | कक्षा | उत्तीर्ण/अध्ययनरत वर्ष | मान्यता प्राप्त विद्यालय का नाम (जनपद सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | III | 2020-2021 | |
| 2 | IV | 2021-2022 | |
| 3 | V | 2022-2023 (अध्यनरत) | |

11. वरीयता क्रम में चार परीक्षा शहरों के नाम जहॉ पर अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है– ***(यथा संभव प्रथम वरीयता वाले परीक्षा शहर में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा। प्रथम परीक्षा शहर हेतु परीक्षार्थियों की संख्या 20 से कम होने पर दूसरे परीक्षा शहर अथवा निकटस्थ जनपद में बना परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जा सकता है।)***

**1**.............................. **2**.............................. **3**.............................. **4**..............................

12. घोषणा –

मैं .............................................................................. शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। किसी प्रकार की **सूचना असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन निरस्त किये जाने पर पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा। जाति (अनुसूचित जाति) प्रमाण–पत्र संलग्न है।**

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर .............................................. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ..............................................

### विद्यालय के प्रधानाध्यापक का प्रमाण पत्र
**(जहॉ छात्र/छात्रा वर्तमान सत्र 2022–23 में कक्षा 5 में अध्ययरत है उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा किया जायेगा)**

प्रमाणित किया जाता है कि छात्र/छात्रा .............................................................................. वर्तमान में **इस विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हैं।** इनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित सम्पूर्ण प्रविष्टियों की जॉच भली–भॉति कर ली गई है। विद्यालय के अभिलेखानुसार इन्हें सत्यापित किया जाता है।

**प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के हस्ताक्षर मुहर सहित**

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## रा0सु0रा0आ0आवसीय विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) 2023
## सत्यापन–प्रपत्र

1. अनुक्रमांक **(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)** – [ ][ ][ ][ ]
2. जनपद का नामः ..............................
3. विकास खण्ड का नाम – ..............................
4. छात्र / छात्रा का नाम – ..............................
5. पिता का ना –: श्री ..............................
6. माता का नाम – श्रीमती ..............................

(प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो)

7. जन्मतिथि – (क) अंकों में D D [ ][ ] M M [ ][ ] Y Y Y Y [ ][ ][ ][ ]
   (ख) शब्दों में ..............................
8. लिंग – बालक [ ] बालिका [ ] 9. गृह जनपद का नाम – ..............................
10. परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा तिथि एवं समय – *(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)*

क. परीक्षा केन्द्र का नाम – ..............................
ख. परीक्षा की तिथि – ..............................
ग. परीक्षा समय – ***प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक।***

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (परीक्षाकाल में) कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर . .

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## रा0सु0रा0आ0आ0विद्यालय मक्खनपुर, भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) 2023
## प्रवेश–पत्र

1. अनुक्रमांक **(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)** – [ ][ ][ ][ ]
2. छात्र / छात्रा का नाम – ..............................
3. पिता का नाम – श्री ..............................

(प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो)

4. जन्मतिथिः – (क) अंकों में D D [ ][ ] M M [ ][ ] Y Y Y Y [ ][ ][ ][ ]
   ख) शब्दों में ..............................
5. लिंग – बालक [ ] बालिका [ ]
6. परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा तिथि एवं समय *(परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)*

क. परीक्षा केन्द्र का नाम – ..............................
ख. परीक्षा की तिथि – ..............................
ग. परीक्षा समय – ***प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक।***

**केन्द्रव्यवस्थापक के हस्ताक्षर एवं मुहर**

*नोट : अनुक्रमांक, परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्र का नाम परिषद् कार्यालय द्वारा भरा जायेगा।*